अंकों के साथ दूसरे व माहिर अग्रवाल चा अंकों के साथ

कालेजेस के साइआ सुधार पुत्र ने पुरस्कार वितरित किए।

राकेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

बीएएसएलपी की पहली, हिंदी और समाजशास्त्र की दूसरी मेरिट जारी

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा रविश्वविद्यालय ने बैचलर इन आडियोलाजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलाजी (बीएएसएलपी) पाठ्यक्रम में पहली व एमए हिंदी, एमए समाजशास्त्र में दूसरी मेरिट सूची जारी की। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग सोमवार को होगी। अभ्यर्थी मेरिट सूची https://dsmnru.ac.in/ पर देख सकते हैं। उनकी काउंसिलिंग सोमवार को विश्वविद्यालय के कालेज फार द डेफ में सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक होगी। इसी तरह एमए हिंदी में दूसरी मेरिट वालों की काउंसिलिंग 30 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक होगी। हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय ने इसकी सूचना जारी की। एमए **समाजशास्त्र** : इस कोर्स की दूसरी मेरिट के साथ प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई है। दूसरी सूची की काउंसिलिंग ए-1 ब्लाक के प्रथम तल पर कमरा नंबर 119 में होगी। मेरिट वालों को सुबह 10 से 12 बजे के बीच बुलाया है। उसके बाद प्रतीक्षा सूची वालों की काउंसिलिंग 12.15 से 2.15 बजे तक होगी। प्रवेश समिति प्रभारी डा. शैलजा सिंह ने इसकी सूचना जारी की। **एमए राजनीति शास्त्र में प्रवेश का मौका** : विश्वविद्यालय ने एमए राजनीति शास्त्र कोर्स में प्रवेश का मौका दिया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने 23 सितंबर को विभाग में रिपोर्टिंग की थी। वे सभी 30 सितंबर को काउंसिलिंग के लिए आ सकते हैं। समय सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक रहेगा। एमबीए व बीबीए कोर्स में काउंसिलिंग सोमवार को होगी।